# जमींदोज हुई झुकी हुई अवैध इमारत, धमाके के साथ ढहा 6 मंजिला भवन

## रामगंज क्षेत्र में बने मकान पर नगर निगम की कार्रवाई, पिछले 23 दिनों से दहशत में जी रहे थे लोग



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । रामगंज क्षेत्र में पिछले 23 दिनों से दहशत का कारण बनी एक तरफ झुकी 6 मंजिला अवैध इमारत को गुरुवार सुबह नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में की गई कार्रवाई के दौरान कुछ ही क्षणों में पूरी इमारत जोरदार धमाके के साथ जमींदोज हो गई। कार्रवाई से पहले प्रशासन ने आसपास के मकानों को खाली कराकर, बिजली आपूर्ति बंद कर तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

किशनपोल जोन के उपायुक्त विजेंद्र सिंह ने बताया कि यह इमारत चौकड़ी रामचंद्रजी क्षेत्र स्थित जगन्नाथ शाह के रास्ते (चीता वालों का मोहल्ला) में स्थित थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे नगर निगम, पुलिस, सिविल डिफेंस और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के सभी रास्तों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया और लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। रामगंज थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम पूरे समय मौके पर तैनात रही।

- **निगम प्रशासन ने आसपास के मकान खाली कराए, बिजली बंद कर सुरक्षित तरीके से गिराया ढांचा**

### 9 मई को आई थीं दरारें, तब से खाली था भवन

किशनपोल जोन के उपायुक्त विजेंद्र सिंह ने बताया कि भवन में 9 मई को अचानक बड़ी दरारें आ गई थीं, जिसके बाद नगर निगम की तकनीकी टीम ने निरीक्षण कर इसे असुरक्षित घोषित कर दिया था।

तत्काल प्रभाव से भवन को खाली करवाया गया और आसपास के कई मकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया था। तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर भवन स्वामी को स्वयं भवन ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए थे तथा नोटिस भी चस्पा किया गया था। चेतावनी दी गई थी कि कार्रवाई नहीं होने पर निगम भवन को ध्वस्त कर खर्च की वसूली मकान मालिक से करेगा। इसके बावजूद भवन स्वामी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### बिना अनुमति बनी थी अवैध इमारत

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह भवन बिना स्वीकृति के अवैध रूप से निर्मित किया गया था। करीब 10 से 15 वर्ष पुराने इस भवन में पहले चार मंजिलें थीं, जबकि हाल ही में पांचवीं और छठी मंजिल का निर्माण कराया जा रहा था।

निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पिलरों को नुकसान पहुंचने से पूरी इमारत एक ओर झुक गई और नीचे बनी दुकानों के शटर भी टेढ़े हो गए। भवन मालिक रईस ने भवन के विभिन्न हिस्से किराए पर दे रखे थे, जहां 30 से अधिक लोग निवास कर रहे थे।

### आसपास के 10-15 मकान खाली कराए

संभावित हादसे को देखते हुए प्रशासन ने भवन के आसपास स्थित 10 से 15 मकानों को पहले ही खाली करवा लिया था और वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया था। आसपास की दुकानें भी बंद करवाई गई थीं। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रखी गई। भवन गिरने के दौरान सामने स्थित एक मकान के हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा, जबकि पास में खड़ा एक पुराना विशाल पेड़ भी धराशायी हो गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मलबा हटाने और रास्ता सुचारू करने का कार्य शुरू किया।

### कार्रवाई से लोगों को मिली राहत की सांस

झुकी हुई इमारत के कारण पिछले कई दिनों से क्षेत्र में भय का माहौल था और स्थानीय लोग लगातार इसे हटाने की मांग कर रहे थे। भवन ध्वस्त होने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर अमित शर्मा ने बताया कि पूरी कार्रवाई निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत की गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में चिन्हित अन्य जर्जर और खतरनाक भवनों के खिलाफ भी आगामी दिनों में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्घटना में मारे गए एमबीबीएस छात्र के परिजनों को 39.12 लाख रुपए का मुआवजा

**जयपुर** । मोटर दुर्घटना मामलों की विशेष अदालत ने चार साल पहले मोती डूंगरी गणेश मंदिर चौराहे पर दुर्घटना में मारे गए एमबीबीएस छात्र के परिजनों को कुल 39.12 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा है कि बीमा कंपनी क्लेम याचिका दायर करने की तिथि से छह फीसदी ब्याज भी इस राशि पर अदा करे। अदालत ने यह आदेश हंसा देवी व अन्य की क्लेम याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

क्लेम याचिका में अधिवक्ता मनीष जैन ने अदालत को बताया कि 27 जून, 2022 की देर रात विजय चौधरी अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से मेडिकल हॉस्टल जा रहा था। जब वे जेएलएन मार्ग पर गणेश मंदिर चौराहे से गुजर रहे थे तो एक तेज गति की गाडी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चला रहा मेडिकल छात्र विजय चौधरी बुरी तरह जल गया और सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। क्लेम याचिका में कहा गया कि घटना में शामिल वाहन के स्वामी, चालक और बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए। सुनवाई

# जयपुर सहित सात शहरों में बारिश

## केरल पहुंचा मानसून, हवा की रफ्तार तय करेगी राजस्थान पहुंचने का समय

**जयपुर** (कासं)। तीन दिन की देरी से मानसून केरल पहुंच गया है। आगामी 2-3 दिन में मानसून गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु को कवर कर सकता है। बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। आमतौर पर यह 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। हवा की रफ्तार और दिशा मानसून के राजस्थान पहुंचने का समय निर्धारित करेगा। अगर सब कुछ सही रहा तो प्रदेश में मानसून की दस्तक 28 जून तक होगी।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को जयपुर सहित करीब 7 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इससे पहले अलसुबह काले घने बादल छाए और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। दिनभर छितराए बादलों के बाद शाम को हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। जयपुर के दिन के पारे में 0.4 डिग्री की बढ़ोतरी और रात के पारे में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 39.9 और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया।

उधर प्रदेश में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। 44.1 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 33.2 डिग्री के साथ संगरिया की रात सबसे गर्म रही। प्रदेश के 11 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार तो वहीं 5 शहरों का रात का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया। बादल छाए रहने और हल्की धूप खिलने से प्रदेश के कई शहरों के पारे में उछाल दर्ज किया गया। अलवर शहर में गुरुवार शाम कई जगह बारिश हुई। श्रीगंगानगर में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। वहीं, दिल्ली में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण 4 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की गईं। अलवर के अलावा पिलानी, चूरू, डूंगरपुर, जयपुर, झुंझुनूं सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 5 से 7 जून के दौरान राज्य के कुछ भागों में तेज आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है। प्रथम सप्ताह के दौरान राज्य में बारिश सामान्य के आसपास होने की संभावना है। द्वितीय सप्ताह दौरान राज्य में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। बुधवार को राज्य के पूर्वी भाग एवं पश्चिमी भाग में कहीं-कहीं पर धूल भरी आंधी एवं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। राज्य के पश्चिमी भाग में 1-2 स्थानों (फलोदी) पर गर्म रात्रि दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा सांगोद (कोटा) में 28 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में आधुनिक सुविधाएं अपग्रेड करने के निर्देश दिए उपमुख्यमंत्री ने

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने आंगनबाड़ियों में स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, बाल-मैत्री फर्नीचर, टॉय बैंक विकसित आदि आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड कर "आदर्श केंद्र" बनाने के निर्देश दिए। बैठक में शासन सचिव पूनम, आईसीडीसी निदेशक वासुदेव मालावत, महिला अधिकारिता आयुक्त राकेश राजोरिया मौजूद थे।



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई।**

उप मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, खेल-आधारित शिक्षण और डिजिटल टूल्स के उपयोग हेतु कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर योजना के 7 निर्माणाधीन केंद्रों को समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

# अभिषेक मीणा बने जयपुर शहर प्रभारी

**जयपुर** । भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजस्थान ने अभिषेक मीणा को जयपुर शहर का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। अभिषेक मीणा लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी के विभिन्न अभियानों, सामाजिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। संगठन नेतृत्व ने उनके अनुभव, कार्यशैली और समाज के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।नवनियुक्त जिला प्रभारी अभिषेक मीणा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।



# स्पा सेंटर पर पुलिस का शिकंजा, आठ गिरफ्तार

**जयपुर** । एयरपोर्ट पुलिस ने होटल लॉगिन पार्क में संचालित स्पा सेंटर पर छापा मारकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर पांच महिलाओं सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशानुसार शहर में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित स्पा सेंटरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त (मालवीय नगर) विनोद शर्मा के सुपरविजन में एयरपोर्ट थानाधिकारी रूप नारायण यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस के अनुसार कार्रवाई से दो दिन पूर्व ही एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के सभी स्पा सेंटर संचालकों को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद होटल लॉगिन पार्क स्थित स्पा सेंटर में निर्धारित नियमों की अनदेखी सामने आई। महिला पुलिसकर्मियों के साथ गठित टीम ने जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाईं, जिसके बाद मौके पर कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में एयरपोर्ट थानाधिकारी रूप नारायण यादव, उपनिरीक्षक लटूर प्रसाद, कांस्टेबल ओमप्रकाश, लीलाराम, सांवरिया सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# मेवाती गैंग के 3 ठग 98 एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार

## आरोपियों ने राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में 5 दर्जन वारदातें कबूली

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 98 एटीएम/डेबिट कार्ड, वारदात में प्रयुक्त बलेनो कार, नकदी, मोबाइल फोन और पुलिस को गुमराह करने के लिए इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में करीब तीन दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि झोटवाड़ा पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के शातिर सदस्य हरियाणा के पलवल जिले के हथीन निवासी शाकिब उर्फ कालू (32), फरीदाबाद निवासी आदिल (28) तथा नूंह जिले के रोजका मेव थाना क्षेत्र निवासी ताहिर हुसैन उर्फ कौआ (31) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह खुद को "मेवात टारगेट गैंग" कहता था। गिरोह के सदस्य एटीएम बूथों पर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाते थे। वे मदद के बहाने पीड़ितों का पिन नंबर देख लेते थे और एटीएम की प्रोसेसिंग रोककर ध्यान भटका देते थे। इसी दौरान कार्ड बदलकर दूसरे एटीएम से



**झोटवाड़ा पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।**

रकम निकाल लेते थे। विरोध करने पर कई बार जबरन कार्ड छीनकर फरार भी हो जाते थे। पूछताछ में आरोपियों ने राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित छह राज्यों में करीब पांच दर्जन वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना शाकिब उर्फ कालू पहले भी दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में एटीएम ठगी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। वर्ष 2022 में बगरू थाना पुलिस ने उसे 103 एटीएम कार्ड और तीन स्वैप मशीनों के साथ पकड़ा था।

इसके अलावा जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कई थानों में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य वारदातों और गिरोह के शेष सदस्यों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला 13 मई 2026 का है, जब कालवाड़ रोड स्थित एक्सिस बैंक एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे मुकेश मीणा का यूको बैंक का एटीएम कार्ड दो युवकों ने बातों में उलझाकर बदल लिया और खाते से रुपए निकाल लिए। इस संबंध में झोटवाड़ा थाने में दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने करीब 700 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र की सहायता ली। इसके बाद गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार हेड कांस्टेबल बलराम और मालीराम ने करीब 200 किलोमीटर तक मोटरसाइकिल से पीछा कर आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बीमारी से परेशान वृद्धा ने 14वीं मंजिल से कूदकर जान दी

जयपुर। हरमाड़ा क्षेत्र में सीकर रोड स्थित सनसिटी परिसर में स्थित जयविलास अपार्टमेंट में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि लक्ष्मी जैन (82) पत्नी रामचंद्र जैन अपनी बेटी और दामाद के साथ जयविलास अपार्टमेंट में रहती थीं। परिजनों के अनुसार वह लंबे समय से बीमार थीं तथा उन्हें कम दिखाई देता था। बुधवार को उनकी बेटी और दामाद किसी आवश्यक कार्य से अजमेर गए हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैट को बाहर से लॉक कर वे रवाना हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब पांच बजे लक्ष्मी जैन ने फ्लैट की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। सुबह सोसायटी के लोगों ने उन्हें अपार्टमेंट परिसर में लहूलुहान और बेसुध अवस्था में पड़ा देखा तथा तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें कांवटिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर

## सार-समाचार

### 50 बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**जयपुर** । स्माइल संस्था की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों को राजस्थान पुलिस की "निर्भया स्क्वाड" टीम के सहयोग से 5 दिन आत्मसुरक्षा के गुर सिखाए गए। इस प्रशिक्षण में 50 बालिकाओं ने भाग लिया। पूर्व पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त आईपीएस) आर के.हुडा, ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उल्लेखनीय है कि 92 वर्षीय हूडा गत 33 वर्षों से अमेरिका के विश्वविद्यालयों में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं उन्होंने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल बताते हुए इसे बड़ा उपयोगी बताया। "स्माइल" संस्था की अध्यक्ष अनिता भाणावत ने बताया कि गत 22 वर्षों से वंचित वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं के लिए संस्था द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें प्रमुख रूप से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली सातवीं से 12वीं तक की बालिकाओं के लिए अंग्रेजी, विज्ञान, कंप्यूटर और गणित शिक्षण की व्यवस्था करना प्रमुख है। इस अवसर पर स्माइल के सलाहकार पूर्व आईएएस राजेंद्र भाणावत और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### जयपुर में भारत टैक्सी का ट्रायल शुरू

**जयपुर** । सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि सहकारी परिवहन पहल को नई गति देते हुए भारत टैक्सी का गुरुवार से जयपुर में ट्रायल शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जयपुर के नागरिक अब भारत टैक्सी की बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा एवं कैब सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि नए ग्राहक ऐप के माध्यम से यात्रियों को सुलभ किराया, पीक आवर्स में भी शून्य सर्ज प्राइसिंग, पारदर्शी एवं निश्चित दरें, एसओएस आपातकालीन सुविधा, स्थानीय एवं विश्वसनीय चालक तथा बेहतर ग्राहक सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे दैनिक आवागमन, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी एवं शहरभर में यात्रा करना अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि सहकारी सिद्धांतों पर आधारित यह पहल विश्व की सबसे बड़ी सहकारी मोबिलिटी पहल के रूप में उभर रही है। दक ने कहा कि जयपुर अब दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों के साथ इस बढ़ते सहकारी परिवहन नेटवर्क का हिस्सा बन गया है। जयपुर में अब तक लगभग 13 हजार सारथी भारत टैक्सी से जुड़े चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की भावना से प्रेरित यह पहल देश में जन-केंद्रित एवं समावेशी परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 1152 विदेशी सिगरेट जब्त की

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू उत्पादों की बिक्री में कोटपा एक्ट के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई। जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मालवीय नगर स्थित एक जनरल स्टोर से 1152 विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ तथा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार कार्रवाई की गई। टीम ने मालवीय नगर स्थित मैसर्स कृपलानी जनरल स्टोर का निरीक्षण किया, जहां कोटपा एक्ट की धारा-7 का उल्लंघन पाए जाने पर विभिन्न ब्रांडों की विदेशी सिगरेट जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि डनहिल, ब्लैक, मोंड सहित विभिन्न ब्रांडों के कुल 54 पैकेटों में 1152 विदेशी सिगरेट मिलीं, जिन पर वैधानिक चेतावनी अंकित नहीं थी। कोटपा एक्ट की धारा-7 के तहत बिना वैधानिक चेतावनी वाले सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है और यह गैरकानूनी श्रेणी में आता है। डॉ. मित्तल ने बताया कि संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत सक्षम न्यायालय में चालान पेश किया जाएगा। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

### अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच 8 को

**जयपुर** । कालीबाई बटालियन आरएसी अलवर एवं पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में चल रही कांस्टेबल भर्ती-2025 प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों को भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कारणों से रिक्त रह गए पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण आठ जून को कराया जाएगा। कमाण्डेंट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर अनिल कुमार ने बताया कि चयन सूची की द्वितीय समीक्षा के बाद विभिन्न वर्गों में चयनित उन्नीस अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया गया है। इनमें कालीबाई बटालियन आरएसी अलवर के सत्रह तथा पांचवीं बटालियन आरएसी, जयपुर के दो अभ्यर्थी शामिल हैं। मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं एक फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लेकर आठ जून को प्रातः छह बजे खाली पेट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर मुख्यालय में उपस्थित हों। मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों में से कई उम्मीदवारों द्वारा नियुक्ति में रुचि न दिखाने, अन्य स्थानों पर नियोजन हो जाने, गर्भवती महिलाओं के मामलों, आपराधिक प्रकरणों के कारण अपात्र घोषित होने, खेल कोटा तथा कुछ अन्य प्रशासनिक कारणों से ये पद रिक्त रह गए थे। विभाग द्वारा नियमों के तहत त्वरित रिव्यू कार्यवाही करते हुए प्रतीक्षा सूची से योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर इन रिक्तियों को भरा गया है।

### पुलिसकर्मियों के लिए चिकित्सा शिविर

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट एवं सेवायतन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सोडाला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को चानपुरा स्थित छात्रावली गीलसर राजकीय विद्यालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 200 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परामर्श और विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन जनपाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निमिषा सेहगल, फिजिशियन डॉ. शैलेंद्र शर्मा तथा डिप्टी निदेशक डॉ. गिरिराज एवं उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इस दौरान ईसीजी, ब्लड शुगर और पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) की जांच निःशुल्क की गई। इस कार्यक्रम में डीसीपी (मुख्यालय) राजेंद्र कांवट, पुलिस निरीक्षक सपना पुनिया, द्वितीय रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर सिटी की सचिव तथा एलओ पुलिस लाइन सागर सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। डीसीपी (मुख्यालय) राजेंद्र कांवट बताया कि शिविर का संचालन सेवायतन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. कपिल अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

### शातिर दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए कॉलोनियों और रिहायशी इलाकों में घूमकर दुपहिया वाहनों की चोरी करता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर तौफीक (28) निवासी खानिया बंधा गोनेर रोड को गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी एवं हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी और चोरी का माल बरामद होने से संबंधित कई मामले पहले से दर्ज हैं। इनमें थाना जवाहर सर्किल में वर्ष 2021 तथा थाना ट्रांसपोर्ट नगर में वर्ष 2023 के दो प्रकरण शामिल हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिन के समय पॉश कॉलोनियों और रिहायशी क्षेत्रों में घूमकर घरों के बाहर खड़े वाहनों की रेकी करता था। मौका मिलने पर मास्टर चाबी अथवा अन्य तरीकों से लॉक तोड़कर वाहन चोरी कर लेता था। बाद में चोरी के वाहनों को औने-पौने दामों में बेचकर नशे की जरूरतें पूरी करता था।



## World Environment Day: A Global Call to Protect Our Planet

Observed every year on June 5, World Environment Day is the United Nations' flagship initiative to encourage awareness and action for the protection of the environment. The day highlights urgent global challenges such as climate change, pollution, biodiversity loss and sustainable living. Governments, organisations and individuals come together through campaigns, clean-up drives and green initiatives to promote eco-friendly habits. From reducing plastic use to conserving water and planting trees, every small step counts. World Environment Day reminds us that protecting the planet is a shared responsibility and that collective action today can secure a healthier, greener future for generations to come.



#POSSIBILITIES

# From Struggle to Starbucks

Under Schultz's leadership, Starbucks grew from a modest regional business into a global phenomenon






The story of Howard Schultz is one of resilience, ambition, and an unshakable belief in possibility. Born into a working-class family in Brooklyn, Schultz grew up watching his father, a truck driver, struggle to make ends meet. His father held nearly thirty different jobs over his lifetime, none of which offered security, benefits, or dignity. These early experiences left a deep impression on Schultz, shaping his determination to build a different kind of future, not just for himself, but for others.

Driven by this vision, Schultz became the first in his family to attend college, eventually earning a scholarship to Northern Michigan University. Later, he also attended programs at Harvard University, further sharpening his business acumen and leadership skills.

But success did not come easily. When Schultz first envisioned transforming coffee culture in America, bringing the warmth and experience of Italian cafés to everyday life, he faced widespread skepticism. He approached around 250 investors with his idea, yet nearly 220 rejected him. Many simply didn't believe that people would pay a premium for coffee or see it as more than a basic commodity.

Undeterred, Schultz pushed forward. Inspired by a trip to Milan, where coffee bars served as vibrant community spaces, he opened his own coffee shop, introducing the concept of a café as a "third place" between home and work. His vision was not just about selling coffee, but about creating an experience.

Just two years later, Schultz made a bold move, he acquired a small coffee chain in Seattle for $3.8 million. That company was Starbucks. What followed was one of the most remarkable business transformations in modern history.

Under Schultz's leadership, Starbucks grew from a modest regional business into a global phenomenon. Today, it boasts over 40,000 locations worldwide, redefining how people experience coffee and community. More importantly, Schultz remained guided by the lessons of his childhood, introducing employee benefits like healthcare and stock options, even for part-time workers, ensuring that others would not face the hardships his father endured.

Howard Schultz's journey is not just about building a business empire; it is about perseverance in the face of rejection, the courage to think differently, and the determination to turn personal struggle into a vision that impacts millions.






Kash Patel.

# Indian Americans navigating Trump 2.0!!

Most Indian Americans are not packing their bags. Only a small minority say they frequently think about leaving, and among those who have considered it, many are not contemplating a return to India. More importantly, most continue to see the United States as a land of opportunity and have deep professional, financial, and family roots in the country. However, many are learning to navigate an America that feels less welcoming than before. They are adjusting their behaviour in ways both subtle and significant.





Asif Ullah Khan

*A veteran journalist who has written for The Khaleej Times and The Brunei Times*

What does it mean when members of a community begin speaking less, hiding more, and thinking twice before expressing who they are? For a growing number of Indian Americans, that question has become increasingly relevant during Donald Trump's second term. Some avoid political discussions online. Others are reluctant to display their political views publicly. Some think twice before wearing traditional Indian attire in public. Others have become more cautious about attending protests, rallies, and other public gatherings.

These are not dramatic acts of protest or resistance. They are quiet acts of self-preservation. Yet, taken together, they point to a troubling reality: concerns about discrimination, racial hostility, and online abuse are increasingly shaping how Indian Americans navigate public



Usha Vance, Second Lady of the US.

> Concerns about discrimination, racial hostility, and online abuse are increasingly shaping how Indian Americans navigate public life in the United States. The unease is not entirely unfounded. In recent years, even some of the most prominent Indian-origin figures in American politics have found themselves targets of racial attacks like Kash Patel...

life in the United States. The unease is not entirely unfounded. In recent years, even some of the most prominent Indian-origin figures in American politics have found themselves targets of racial attacks. Kash Patel, one of the most influential Indian Americans in the Trump administration, has frequently been subjected to racist abuse online. Former South Carolina governor Nikki Haley has long faced taunts about her Indian heritage and birth name, while Usha Vance, the wife of Vice President JD Vance, has been the target of xenophobic commentary on social media. Their prominence may have brought them national visibility, but it has not shielded them from questions about identity and belonging that many Indian Americans know all too well.

If public figures occupying

#THE CARNEGIE SURVEY






some of the highest offices and circles of power in the United States remain vulnerable to such attacks, it is hardly surprising that ordinary Indian Americans are reassessing how openly they express themselves in public.

A new nationally representative survey of 1,000 Indian Americans conducted by the Carnegie Endowment for International Peace suggests that this reassessment is already underway. Nearly one-third of respondents say that they avoid political discussions on social media for fear of becoming targets. Around one-fifth report avoiding



public displays of their political beliefs, limiting participation in political events, being more cautious about travel, or thinking twice before wearing Indian attire in public. The survey reveals a community grappling not only with discrimination but also with its psychological consequences. Nearly half of Indian Americans say they frequently encounter racist content targeting Indians or Indian Americans online. About half report feeling angry when exposed to such content. One-third experience anxiety or fear. Roughly, one-quarter report feelings of hopelessness.

These emotions do not remain confined to digital spaces. They shape behaviour, influence participation in public life, and affect an individual's sense of belonging. The

> A society can lose a sense of belonging long before it loses its people. Communities do not need to emigrate for discrimination to leave its mark. Sometimes, the effects are visible in quieter ways, in conversations that never happen, opinions left unspoken, cultural expressions toned down, and public spaces entered with greater hesitation than before.

most important finding of the survey is four in 10 Indian Americans have at some point considered that leaving the United States deserves closer scrutiny. On its own, the statistic suggests a community contemplating an exodus. But the survey tells a more nuanced story.

Most Indian Americans are not packing their bags. Only a small minority say they frequently think about leaving, and among those who have considered it, many are not contemplating a return to India. More importantly, most continue to see the United States as a land of opportunity and have deep professional, financial, and family roots in the country. However, many are learning to navigate an America that feels less welcoming than before. They are adjusting their behaviour in ways both subtle and significant. In that sense, the survey's most consequential finding is not about physical departure but psychological retreat. The question is not whether Indian Americans are leaving the United States. It is whether they are beginning to feel less at home within it.

A society can lose a sense of belonging long before it loses its people. Communities do not need to emigrate for discrimination to leave its mark. Sometimes, the effects are visible in quieter ways, in conversations that never happen, opinions left unspoken, cultural expressions toned down, and public spaces entered with greater hesitation than before. That may be the most important warning contained in the Carnegie survey. The erosion of belonging rarely announces itself dramatically. It reveals itself gradually, through countless small acts of self-censorship and self-preservation. For a community that has spent decades building deep roots in American society, the more pressing question is no longer whether opportunity exists. It is whether success alone can guarantee a sense of security, dignity, and belonging in an increasingly polarised America.

rajeshsharma1049@gmail.com



Nikki Haley.

#FRIENDSHIP

# When Guests Cook

...Since then, I ask unassuming guests the same question: "Would you cook one dish from where you come from?" Most say yes




Chandpole Bazaar, Spices, Cumin, Coriander, Mirchi and Cardamom.

It began in 1994. Hassan and Trudy checked in, he from Bangladesh, she from Scotland, and asked for "authentic Rajasthani." I suggested our family haunts. Hassan paused and said, "Could I cook?" My first response: no. A guest in our kitchen felt wrong, against the grain of the hospitality I'd grown up with.



Pushpendra Bhargava

*(Owner of Jaipur Inn)*

Such an iconic TITLE from a very popular SRK Bollywood cult film. Whenever New Delhi speaks and Rome (read Italian PM Ms. Giorgia Meloni) listens *Kuch Kuch Hota hai...*

The courtyard smells of tomatoes and olive oil. Seven Italians lean over a blue pot, debating basil in three accents. Someone hums an SRK tune 'ladki badi anjani hai' and poses with a cardboard cut out of 'Jawan.' A SRK blockbuster which won him the Best Actor in a leading role at the 71st National Film Awards. Plates clink. Chairs scrape. The city falls away.

This is what we do at Jaipur Inn: ask guests to cook one dish from home and feed everyone who signs up. The food is simple. The rule is simpler, if you cook, you cook for all. Somewhere between the knife and the ladle, strangers become friends. *Kuch kuch hota hai.* It began in 1994. Hassan and Trudy checked in, he from Bangladesh,



One table, one evening, many homes.

she from Scotland, and asked for "authentic Rajasthani." I suggested our family haunts. Hassan paused and said, "Could I cook?" My first response: no. A guest in our kitchen felt wrong, against the grain of the hospitality I'd grown up with.

I gave in, with one condition: he could cook if everyone who signed up could eat. We took the scooter to Chandpole Bazaar for spices. He bought everything my kitchen avoided back then; we kept the food light for travelers. That night, twenty plates returned empty. Only then did I learn that he ran an Indian takeaway in Edinburgh called India Today. We didn't taste a bite. Our



Kuch kuch hota hai.

guests finished every spoonful.

That dinner began a long friendship. In 1996, I rode the coast-hugging train to Edinburgh; Hassan and Trudy hosted me like family. In 1997, their wedding gift reached ours. I also began a handwritten recipe book, menus, notes, and small oil stains that still carry a scent.

Since then, I ask unassuming guests the same question: "Would you cook one dish from where you come from?" Most say yes.

Tonight's Italians chose the simplest thing they knew:

'Spaghetti al Pomodoro Fresco,' no drama, no secrets. Recipe card



"Hands meet." "Names travel." "Pages remember."

(Jaipur Inn style): 1 kg spaghetti, 2 kg ripe tomatoes, 6-8 cloves garlic, basil, olive oil, salt

Optional: Plain rice for gluten-free guests. Blanch, peel, crush tomatoes. Warm oil; let garlic whisper. Add tomatoes, basil, salt. Simmer soft. Toss with pasta. Eat hot. Talk long.

They cooked. We set one long table in CAFE JAI. Someone brought rice for the gluten-intolerant guest. Someone queued a Sicilian playlist. By "dessert" (there wasn't any), people were trading stories as if they'd known each other for years, teaching hand gestures, mispronouncing names, promising



Guests from Italy cooking spaghetti al pomodoro in the courtyard at Jaipur Inn, Jaipur.

to write. It always takes me back to that first buffet night, the scooter, the spice shop, the way a dining room can feel like a junction where journeys cross for an hour. The recipe book is full now: smudged entries from Turkey, Japan, Brazil, Bangladesh, Italy. Each page is a map. Each dish is a ticket.

### How it works, and why it works

- I cover ingredients. The guest-chef leads.
- A sign-up sheet goes up by noon; one table, one sitting.
- We cook light, adjust for allergies, keep it home-style.
- The point isn't perfection. It's participation.

Food is a time machine. A dish opens a door, and language follows. I've seen a bowl of tomato sauce do what small talk never can, lift the room into a softer place. It's why Jaipur Inn is more special than exclusive. You don't buy this feeling; you make it together.

People often say photographs will do more justice than writing. Maybe. But I write these nights down anyway, the ingredients, the jokes, the names, because kitchens teach us how to be with one another. You don't need to agree. You just need to season and stir. As the plates are stacked, someone asks about the title. 'Kuch kuch hota hai.' It isn't nostalgia for me. It's a field note. A way to name that small, good thing that happens when we move from service to sharing. The courtyard is quiet again. The basil is finished. The song 'ladki badi anjani hai' still plays in the mind. Tomorrow, there will be toast, tea, and plans for forts and bazaars. Tonight, I'll add one more page to the recipe book and sleep to the echo of seven voices saying the same word differently: "Grazie."

rajeshsharma1049@gmail.com

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### रोडवेज बसों के बाईपास से निकलने का विरोध

**टोंक,** (निस.)। अलीगढ थाना क्षेत्र के ग्राम चोरू में रोडवेज बसों के बाईपास से निकलने के विरोध में ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 116 पर विरोध प्रदर्शन कर सडक जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं तथा यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोडवेज बसों के कस्बे के अंदर नहीं आने से स्थानीय यात्रियों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने पहले भी कई बार प्रशासन से गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) तक ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समाधान नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने गुरूवा को एनएच-116 पर पूर्ण चक्का जाम करने का अल्टीमेटम दिया था। प्रशासन द्वारा मांगें पूरी नहीं किए जाने के बाद जाम लगा दिया गया है। सूचना मिलने पर अलीगढ़ पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे हैं। वे प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास कर रहे हैं ताकि सड़क से जाम हटाया जा सके और यातायात सामान्य हो सके।

### विकास कार्यों का निरीक्षण

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज फील्ड निरीक्षण कर दिवाकरी में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व ग्राम सिरमौली में आईटीआई के प्रगतिरत कार्य, ग्राम चाँदोली में एनिकट पुनरूद्धार कार्य एवं उमरैण में निर्माणाधीन खेल मैदान कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने ग्राम सिरमौली में आईटीआई के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि जुलाई माह में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें एवं इंटर्नल सड़के भी साथ-साथ बनवाये तथा रुफ टॉप सोलर पैनल के प्रस्ताव तैयार कर लगवाने की कार्यवाही करें। उन्होंने दिवाकरी में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रगतिरत कार्यों को का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उमरैण में निर्माणाधीन खेल मैदान कार्य का निरीक्षण कर कहा कि खेल मैदान को खिलाडियों की सुविधा के अनुरूप समयबद्ध रूप से विकसित करावें।

### 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**निवाई,** (निस.)। विद्युत लाईन के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को 4 घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत लाईन के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते जमात, शिवाजी कॉलोनी, वनस्थली मोड़, महाराजपुरा, गणगौरी बाजार, चौहट्टी बाजार, मायला बाग, एफसीआई रोड़, विकास कॉलोनी, हाड़ावाली ढाणी, व चैनपुरा के आस पास के क्षेत्र में सुबह 08 से दोपहर 12 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# कोटपूतली नगर परिषद का स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लोक कल्याण मेला आयोजित


शिविर में अभियान के अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का लाभ प्रदान किया।

■ अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र वेंडर्स को योजना का लाभ प्रदान कर उनके स्वरोजगार को सशक्त बनाना तथा उनकी आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाना है

**कोटपूतली,** (निस.)। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना विशेष अभियान के तहत कोटपूतली नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों के लिए विशेष शिविरों के माध्यम से लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र वेंडर्स को योजना का लाभ प्रदान कर उनके स्वरोजगार को सशक्त बनाना तथा उनकी आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाना है। यह विशेष अभियान 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।

नगर परिषद प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभियान के अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जोड़ते हुए ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन प्रोत्साहन एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिविरों में पात्र लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया गया है। नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि योजना के माध्यम से छोटे व्यवसाय करने वाले वेंडर्स को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। विशेष अभियान के दौरान अधिकाधिक पात्र वेंडर्स को योजना से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं पंजीकरण कार्य भी किया जा रहा है।

नगर परिषद ने सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों से अपील की है कि वे 30 जून तक आयोजित विशेष शिविरों में भाग लेकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करें तथा अपने व्यवसाय एवं आजीविका को नई मजबूती प्रदान करें। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना विशेष अभियान के अंतर्गत कोटपूतली नगर परिषद द्वारा लोक कल्याण मेले के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का लाभ प्रदान कर उनके स्वरोजगार को सशक्त बनाने तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर परिषद कोटपूतली द्वारा नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यालय अवकाश को छोड़कर शिविर प्रतिदिन संचालित किए जा रहे हैं।नगर परिषद के प्रभारी (एनयूएलएम) अभिषेक सैनी ने बताया कि योजना के अंतर्गत छोटे व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पात्र लाभार्थियों को ब्याज में छूट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पात्र वेंडर्स योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक लाभार्थियों को आवेदन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होना होगा। शिविर का अधिकतम लाभ उठाकर अपने स्वरोजगार को मजबूत बनाएं तथा अपनी आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करें।

### निवाई में प्रवचन माला का शुभारंभ

**निवाई,** (निस.)। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में संचालित ग्रीष्मकालीन प्रवास पर उपाध्याय विकसंत सागर महाराज संघ के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा प्रवचन माला का दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलन एवं भगवान का चित्र अनावरण करने का सौभाग्य नीरज जैन माधोराजपुरा, नन्दलाल चौधरी, विमल पाटनी एवं मोहनलाल चंवरिया को मिला। प्रवचन माला का मंगलाचरण चेतन जैन ने किया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि उपाध्याय विकसंत सागर महाराज की दैनिक चर्या सुबह स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, प्रवचन, आहार चर्या, दोपहर में स्वाध्याय, सामायिक, सांयकाल आनन्द यात्रा, गुरु भक्ति, शंका समाधान एवं आरती का आयोजन किया गया। उपाध्याय विकसंत सागर महाराज ने कहा कि लक्ष्य हासिल करना है, तो सही उपाय करना होगा। सही मार्ग तभी तय होगा, जब हमारा उद्देश्य सही दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मन को वश में कर लिया तो हमारा कल्याण हो जाएगा। मन को वश में कर लेने से हमारे सारे कार्यों की सिद्धि हो जाएगी।

# फुलेरा जंक्शन की समस्याओं के समाधान की मांग, एडीआरएम को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत का एक प्रतिनिधिमंडल फुलेरा जंक्शन पर यात्रियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) अशफाक हुसैन अंसारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जंक्शन पर यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर-1 पर लगाए गए कोच इंडिकेटर बॉक्स लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे यात्रियों को ट्रेन के कोच की स्थिति जानने में परेशानी होती है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर-1 पर शौचालय सुविधा के अभाव से भी यात्रियों को परेशानी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर-1 पर वेटिंग हॉल का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद अभी तक यात्रियों के लिए शुरू नहीं किया गया है। वहीं प्लेटफार्म पर पर्याप्त शेड नहीं होने से बारिश के दौरान यात्रियों को खुले में इंतजार करना पड़ता है।संघ ने अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा जंक्शन पर चल रहे फुट ओवरब्रिज (पुलिया) निर्माण कार्य के लंबे समय से बंद होने तथा न्यू कॉलोनी और श्रीराम नगर के मध्य बन रहे अंडरपास का कार्य भी रुका होने का मुद्दा उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए इन कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाना आवश्यक है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। एडीआरएम अशफाक हुसैन अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस पर प्रतिनिधिमंडल ने उनका आभार व्यक्त किया।

■ वेटिंग हॉल का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद अभी तक यात्रियों के लिए शुरू नहीं किया


दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के प्रतिनिधिमंडल ने एडीआरएम को ज्ञापन सौंपा।

### कुजोता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की मांग

**कोटपूतली,** (निस.)। निकटवर्ती ग्राम कुजोता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की मांग की गई हैं। स्थानीय ग्रामीण श्रीराम सराधना ने बताया कि गांव में पीएचसी नहीं होने के कारण ग्रामीणो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार होने पर ग्रामीणों को ईलाज के लिये 15 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। यह क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। यहाँ लगातार इंडस्ट्रियल एरिया और माईनिंग (खनन) का कार्य चलता रहता है। इस वजह से यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता और भी अधिक हो जाती है।

# 'यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य'

■ पुलिस प्रशासन ने संदेश दिया कि 'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प' के तहत किसी भी प्रकार के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

**कोटपूतली,** (निस.)। जिला पुलिस द्वारा वाहन चालकों के लिये विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत 01 से 30 जून तक एक महीने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प के तहत किसी भी प्रकार के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अभियान को लेकर पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह कार्यवाही केवल सामान्य चालान तक सीमित नहीं रहेगी। नियमों का गंभीर उल्लंघन पाये जाने पर मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत भारी आर्थिक दंड (जुर्माना) वसूलने के साथ-साथ वाहनों को सीज भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के ड्राईविंग लाइसेंस भी निलंबित किये जा सकते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने जिले के सभी वाहन स्वामियों और चालकों से जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। वाहनों में अवैध बदलाव और काली फिल्म जैसी गतिविधियां ना केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिहाज से भी एक बड़ी चुनौती हैं। सभी वाहन मालिक स्वैच्छा से नियमों का पालन सुनिश्चित करें और अपने वाहनों से तत्काल काली फिल्म, प्रेशर हॉर्न और अनाधिकृत बत्तियां हटा लें, अन्यथा पुलिस विभाग इस पूरे महीने बेहद सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायेगा। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया है कि वे यातायात नियमों को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं और अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।अभियान के तहत पुलिस मुख्य रूप से चार प्रकार के अवैध मॉडिफिकेशन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के विरुद्ध या फैंसी नंबर प्लेट लगाने वालों पर कार्यवाही होगी। केवल नियमित और स्पष्ट नंबर प्लेट ही मान्य होंगी।

### अनियंत्रित ट्रेलर ने रेलिंग और बिजली का पोल तोड़ा, हादसा टला

**पावटा।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पावटा मुख्य बस स्टैंड पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चित्तौड़गढ़ से ग्रासिम सीमेंट फैक्ट्री चौकी गोरधनपुरा की ओर जा रहा एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर राजमार्ग के बीच लगी रेलिंग और बिजली के पोल को तोड़ते हुए सड़क के दूसरी तरफ जा पहुंचा। ट्रेलर का टायर फटने के बाद वह बीच सड़क पर जाकर रुक गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर जैसे ही डिवाइडर और रेलिंग तोड़कर दूसरी लेन की ओर बढ़ा, बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। अचानक ट्रेलर को अपनी ओर आता देख वहां मौजूद लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। कुछ देर के लिए पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।

### पौधारोपण आज

**निवाई,** (निस.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान संकल्प दिवस पर शुक्रवार को भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# 'युवाओं की क्षमता अनुसार कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जायेंगे'

**भरतपुर,** (निस)। कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में भरतपुर को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए स्किल डवलपमेंट फॉर यू कार्यक्रम के तहत स्थानीय जरूरतों, युवाओं की क्षमता व हॉबी के अनुसार कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जायेगें। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्रालय द्वारा इसके लिए युवाओं को अलग-अलग विद्याओं में प्रशिक्षित करने के साथ रोजगार के लिए कैरियर कॉउसलिंग भी की जायेगी।

कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के एडवाईजर सेवानिवृत आईएएस डॉ. आईवी सुब्बाराव ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन के साथ बैठक कर कौशल विकास एवं रोजगार की वर्तमान स्थिति के बारे में फीडबैक लिया। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमर चौधरी, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. सुब्बाराव ने कहा कि कौशल विकास मंत्रालय द्वारा उत्तरप्रदेश के बागपत एवं राजस्थान के भरतपुर जिले को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित कर स्किल डवलपमेंट फॉर यू कार्यक्रम के तहत युवाओं के हुनर को निखार कर वर्तमान जरूरतों के अनुसार जॉबरोल के लिए तैयार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत 2047 तक युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने के लिए वर्तमान जरूरतों के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों, सेवा क्षेत्र एवं कृषि उद्यिमता के लिए कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों को स्थानीय उद्यिमता, सेवा क्षेत्र, कृषि, डेयरी, पर्यटन व हैल्थ सेक्टर में जॉब के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम की बृहद प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए।


कौशल विकास मंत्रालय के एडवाईजर सेवानिवृत आईएएस डॉ. आईवी सुब्बाराव ने जिला प्रशासन के साथ बैठक की।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अशोक कुमार सैनी पुत्र श्री कन्हैयालाल सैनी व भारती सैनी पत्नी अशोक कुमार सैनी निवासीगण गणेश नगर-4 देवदर्शन मंदिर के पास, बैनाड रोड जयपुर की आत्मजा पुत्री गरिमा सैनी दीगर के बहकावे में आकर मेरे अभिभाष्यगण की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाकर अपनी मनमर्जी से अमित मीणा पुत्र जुगलकिशोर मीणा से विवाह कर लिया है एवं उसका आचरण पूर्ववत नहीं है एवं परिवार की गरिमा को ठेस पहुंचाया जिसके कारण विवश होकर मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति एवं हमारे परिवार से इसका परित्याग कर इसे बेदखल कर दिया है। आज के बाद गरिमा सैनी को मेरे अभिभाष्यगण की सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध किसी किस्म का नहीं रहेगा तथा भविष्य में इसके द्वारा किये गये कार्यों/गलतियों/अपराध/देनदारी/लेनदारी से मेरे अभिभाष्यगण व इसकी सम्पत्ति से कोई वास्ता या सम्बन्ध नहीं रहेगा जो भी कोई मेरे अभिभाष्यगण की पुत्री गरिमा सैनी से किसी भी प्रकार का लेन-देन, व्यवहार व सम्पत्ति सम्बन्धी कोई अन्तरण आदि करेगा उसके परिणामों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अतः सूचित रहे।
जयपुर महेन्द्र कुमार कमल (एडवोकेट)
दिनांक-04.06.2026 मो. 9982313201

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**



**श्रीमती सरोज देवी**
**धर्मपत्नी स्व. श्री किशन लाल जी**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माताजी श्रीमती सरोज देवी धर्मपत्नी स्व. श्री किशन लाल जी का गोलोकवास दिनांक 03.06.2026 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 05.06.2026 (शुक्रवार) को सायं 5 से 6 बजे तक स्थान- ओम शिव मैरिज गार्डन MJRP कॉलेज रोड, स्वेज फार्म, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- योगेश-प्रियंका, रविन्द्र-पूजा (पुत्र एवं पुत्रवधू), रेखा-मुकेश जी, रंजना-त्रिलोक जी (पुत्री एवं दामाद), रघुनाथ, गिरधारी (जेठ), बाबूलाल (देवर), अनिल, राकेश, मुकेश, निरंजन, मनीष (भतीजे), कायरव, तनय, लावण्या (पौत्र-पौत्री) एवं समस्त चतुर्वेदी परिवार। शोकाकुल परिवार

## नाम परिवर्तन

मैं सरदार मल डोगीवाल निवासी ग्राम कुली, तहसील दांतारामगढ सीकर, राजस्थान-332710 मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम सरदार मल डोगीवाल अंकित है मैंने अपना नाम बदलकर सरदार सिंह जाट रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी निजी, सार्वजनिक अभिलेखों हेतु नये नाम सरदार सिंह जाट के नाम से जाना पहचाना जावें।

I have changed my name from Anish to Anish Jalewa for all purpose. R/o Flat No. A-301 star Pratishtha near Gail vihar sector-6 vidhyadhar nagar jaipur. (Raj.)

I, Anuradha Bhatt, wife of Sushil Kumar Pancholi, resident of Phulera, District Jaipur, declare by affidavit that my real name is Anuradha Bhatt. My husband's service record erroneously listed Anuradha Pancholi. Furthermore, my date of birth is listed as 21.08.1997, whereas my actual date of birth is 21.08.1985. In the future, I will be known only as Anuradha Bhatt.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुमित गौड़ एवं श्रीमती प्रीति गौड़, 42, पहला फ्लोर, खुशी विहार, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान, दोनों का निधन क्रमशः दिनांक 24 नवम्बर 2014 एवं 18 सितंबर 2024 को हो चुका है।
यह भी सूचित किया जाता है कि मृतकगण के नाम से विभिन्न संपत्तियाँ एवं अधिकार स्थित हैं, जिनमें बैंक लॉकर, बैंक खाते, अचल संपत्ति, वाहन/कार, मशीनरी, तथा अन्य चल-अचल संपत्ति/हक-अधिकार शामिल हैं। उक्त समस्त संपत्तियों एवं अधिकारों के संबंध में मृतकगण के पुत्र श्री यशद गौड़ ही विधिक उत्तराधिकारी (Legal Heir) हैं तथा वही इन पर अपना दावा प्रस्तुत कर रहे हैं।
अतः यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा किसी अन्य पक्षकार को उपरोक्त संपत्तियों, खातों, लॉकर, वाहन, मशीनरी या अन्य किसी भी हक-अधिकार के संबंध में कोई आपत्ति, दावा, अधिकार, स्वामित्व या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपने समुचित लिखित आपत्ति/दावे के साथ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा मृतकगण के पुत्र श्री यशद गौड़ विधिसम्मत कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## खोया पाया

मेरे आवास संख्या 120/17 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का मूल कब्जा पत्र गुम हो गया है जो कि RHB द्वारा रंजना नाग एवं अनिल नाग के नाम से जारी किया गया है कृपया मिलने पर सूचित करें-9810615895

मेरे प्लॉट नं. अविभाजित 2/3 हिस्सा, 13/206 में राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर की योजना मानसरोवर, जयपुर द्वारा आलोटमेन्ट लेटर, पजेशन लेटर, परपैक्युअल डीड कन्वैसडीड नौडूज खो गया है मिलने पर सूचित करें। मंजू सोनी-6367511893

**हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक-4
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मौजमाबाद जिला जयपुर राज.
**गोपाल वगै. बनाम तहसीलदार वगै.**

(1) गोपाल गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता जाति महाजन निवासी मकान नम्बर 1018 रानी सती नगर वार्ड नम्बर 14 निर्माण नगर जयपुर जिला जयपुर राज.। (2) पुलकित सोनी पुत्र महेन्द्र सोनी जाति सोनी निवासी मकान नम्बर 16 नन्दविहार चन्द्रकलां स्ट्रीट 3 पंचशील एन्क्लेव रोड दुर्गापुरा जयपुर राज.। (3) मंगलचन्द पुत्र मोहनलाल कुमावत जाति कुमावत निवासी मकान नम्बर 40 अर्जुन नगर नार्थ अर्जुन नगर अंडरपास के पास गोपालपुरा लालकोठी जयपुर जिला जयपुर राज.। (4) रामकरण कसाना पुत्र रामचन्द्र कसाना जाति गुर्जर निवासी मकान नम्बर 34 उदयनगर ए गोपालपुरा बाईपास जयपुर जिला जयपुर राज.।
---प्रार्थीगण

बनाम

(1) मोसीना पत्नी इरफान जाति मुसलमान निवासी मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर राज.। (2) आरिफा पुत्री इरफान जाति मुसलमान निवासी मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर राज.। (3) मोहसिना पुत्री इरफान जाति मुसलमान निवासी मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर राज.। (4) हसीना बानो पुत्री इरफान जाति मुसलमान निवासी मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर राज.। (5) राजमल पुत्र रूगनाथ जाति खटीक निवासी मण्डी खटीकान दिल्ली रोड जयपुर जिला जयपुर राज.। (6) रोहित पुत्र रूगनाथ जाति खटीक निवासी मण्डी खटीकान दिल्ली रोड जयपुर जिला जयपुर राज.।
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट बाबत करवाये जाने पत्थरगढी प्रार्थी की खातेदारी की प्रार्थना पत्र संख्या 13/26
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन पत्थरगढी करवाने हेतु पेश किया है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 11 माह 6 सन् 26 को समय 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपनी प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
दिनांक-4.6.26 न्यायालय-उपखण्ड अधिकारी मौजमाबाद (जयपुर)

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 74/2025
विषय- संरक्षक नियुक्त करने बाबत प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी का नाम- रूची तोषनीवाल पत्नी स्व. केतन तोषनीवाल जाति महाजन विवाद स्थान- मकान नंबर 921 बाबा हरीशचन्द्र मार्ग तीसरा चौराहा चौकडी तोपखाना देश चांदपोल बाजार जयपुर मृतक केतन तोषनीवाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 04.07.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. केतन तोषनीवाल पुत्र श्री कमल किशोर तोषनीवाल जाति महाजन निवासी यूनिट नं. 102 प्रथम मंजिल प्लाट नंबर 26-31 नरेन्द्र नगर स्वेज फार्म सोडाला का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में आवश्यक पुत्रिया का संरक्षक नियुक्त कर सम्पत्ति विक्रय करने की अनुमति प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 07 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 02 माह 06 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद शाहपुरा (जयपुर)**
सं. 464 दिनांक-04.06.2026
**लोक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भूमि के खातेदारो द्वारा उक्त भूमि को गैर कृषिक व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-
**क्र.सं.-1, खातेदार/आवेदक का नाम-** श्री गुल्ला राम यादव पुत्र श्री परता राम निवासी खोरी रोड, ढाणी दुर्गावाली, शाहपुरा तह शाहपुरा, **तहसील का नाम-** शाहपुरा, **राजस्व ग्राम-** बिदारा, **खसरा नं.-** 895/3, 895/8, **क्षेत्रफल-** 3730 वर्गमीटर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु
इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक...... को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, आयुक्त, नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-851 दिनांक-13.05.2026
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 35/170(EWS), (एरिया 42.32 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री बलवीर सिंह खाण्डेकर पुत्र स्व. श्री रामधन खाण्डेकर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2000 दिनांक 09.03.1999 को जारी किया गया। श्री मोहियुद्दीन असलम पुत्र स्व. श्री अहमद अली के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 496/7378 दिनांक 15.02.2007 के द्वारा किया गया। श्री मोहियुद्दीन असलम के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.12.2013 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री मोहियुद्दीन असलम द्वारा उक्त आवास को दिनांक 25.10.2019 के द्वारा श्री सऊद आलम खान पुत्र श्री नाजीर अली खान को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री सऊद आलम खान द्वारा उक्त आवास को दिनांक 29.11.2025 के द्वारा श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री रमजानी खान को विक्रय कर उप पंजीयक-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री रमजानी खान द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री जाकिर हुसैन पुत्र श्री रमजानी खान का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय आवासीय अभियंता**
**राज. आवासन मण्डल, खण्ड कोचिंग हब, जयपुर**
**(उपखण्ड दौसा)**
**1/68, खान भांकरी रोड दौसा (राज.)**
**(फोन नं. 01427-223875)**
**(Email Id: redausa.rhb@rajasthan.gov.in)**
**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/494 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 59.06 वर्ग मीटर का आवंटन श्री भूगडा मल पुत्र श्री दयामल के नाम आवंटन पत्र संख्या 11047 दिनांक 08.02.1987 जारी किया गया व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 25.02.1987 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री भूगडा मल की दिनांक 12.03.2003 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उत्तराधिकारी पुत्र श्री भगवान दास सिंधी पुत्र स्व. श्री भूगडा मल ने उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है।
अतः आवास संख्या 1/494 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्री भगवान दास सिंधी पुत्र स्व. श्री भूगडा मल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती गायत्री ममतेश वर्मा पत्नी श्री ममतेश वर्मा जाति हिन्दू निवासी 83 फर्स्ट फ्लोर, सुयोग्य अपार्टमेन्ट, पशुपतिनाथ, सांगानेर, जयपुर (राज.) एक अचल सम्पत्ति फ्लेट नम्बर एफ-1, फर्स्ट फ्लोर, सुयोग्य अपार्टमेन्ट, प्लाट नम्बर 83, पशुपतिनाथ, छक गैटोर, तहसील सांगानेर, जयपुर (राज.) जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1063.33 वर्गफीट अर्थात 98.78 वर्गमीटर है जो कि उक्त फ्लेट नम्बर एफ-1, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1063.33 वर्गफीट अर्थात 98.78 वर्गमीटर है सर्वप्रथम श्री लोकेश अठावाल पुत्र श्री नरसीलाल अठावाल (भू स्वामी) एवं सुयोग्य बिल्डहोम प्राईवेट लिमिटेड जरिए निदेशक रौनक सिंघवी पुत्र श्री राजीव सिंघवी के द्वारा श्री ममतेश सिंह वर्मा पुत्र श्री रघुवीर सिंह वर्मा के हित में जरिए विक्रय पत्र दिनांकित 11.06.2012 के माध्यम से विक्रय किया गया उक्त विक्रय पत्र का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर पंचम के यहां दिनांक 1.06.2012 को क्रम संख्या 201239701030 5 पर पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात् श्री ममतेश सिंह वर्मा पुत्र श्री रघुवीर सिंह वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 05.9.2016 को हो गया तथा श्री ममतेश सिंह वर्मा की माताजी श्रीमती चन्द्रा देवी पत्नी श्री रघुवीर सिंह वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 06.03.1994 को हो चुका है इसलिए हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत श्रीमती गायत्री ममतेश वर्मा पत्नी श्री ममतेश सिंह वर्मा, श्री देवेश एम वर्मा पुत्र श्री ममतेश वर्मा तथा श्री शान्तम वर्मा पुत्र श्री ममतेश वर्मा प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान हुए इसके अतिरिक्त स्व. श्री ममतेश सिंह वर्मा पुत्र श्री रघुवीर सिंह वर्मा का अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी एवं वारिसान नहीं है जिसके कारण श्री ममतेश सिंह वर्मा पुत्र श्री रघुवीर सिंह वर्मा की उक्त अचल सम्पत्ति फ्लेट नम्बर एफ-1 जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1063.33 वर्गफीट अर्थात 98.78 वर्गमीटर है के उक्त तीनो संयुक्त मालिक स्वामी एवं काबिज हुए, तत्पश्चात् श्री देवेश एम वर्मा पुत्र स्व. श्री ममतेश वर्मा तथा श्री शान्तम वर्मा पुत्र स्व. श्री ममतेश वर्मा ने उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति में स्वयं के 1/3-1/3 अविभाजित हिस्से का हक त्याग स्वयं की माताजी अर्थात श्रीमती गायत्री ममतेश वर्मा पत्नी स्व. श्री ममतेश सिंह वर्मा के हित में हकत्याग पत्र दिनांकित 21.10.2024 निष्पादित करके हकत्याग कर दिया गया जो कि उक्त हकत्याग पत्र कार्यालय उप पंजीयक जयपुर पंचम के यहां दिनांक 22.10.2024 को क्रम संख्या 202403019113972 पर पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार उक्त अचल सम्पत्ति सम्पूर्ण की एक मात्र मालिक स्वामी एवं काबिज श्रीमती गायत्री ममतेश वर्मा पत्नी स्व. श्री ममतेश सिंह वर्मा हो गई उक्त श्रीमती गायत्री ममतेश वर्मा पत्नी स्व. श्री ममतेश सिंह वर्मा को अपनी निजी एवं जायज आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रूपयों की आवश्यकता है इसलिए वह उक्त अचल सम्पत्ति को एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करना चाहती है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।
(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर-302017 मोबाईल 9829218044

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 661/2026
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि सुश्री कृष्णा सिंह, निवासी 185 नेमी नगर, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास शिक्षा निकेतन ट्रस्ट, 185 नेमी नगर, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 11.08.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 624/2026
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्री मधु भट्ट तैलंग निवासी 118ए गैटोर रोड, ब्रह्मपुरी, श्री गोकुल मंजरी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास संस्कार भारती राजस्थान सोसायटी जयपुर, स्वास्तिक भवन, अम्बाबाडी सर्किल, अम्बाबाडी जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24.07.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति विशिष्ट श्रेणी**
**गंगापुर सिटी-322201 (जिला-सवाई माधोपुर) राजस्थान**
क्रमांकः-कृ.उ.म.स./2026-27/22550766 दिनांकः- 01.06.2026
**आवंटन विज्ञप्ति संशोधन**
कृषि उपज मण्डी समिति, गंगापुर सिटी के मुख्य मंडी प्रांगण में निर्मित 10 दुकानों हेतु द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरण के आवंटन हेतू जारी विज्ञप्ति क्रमांक 51-55 दिनांक 23.04.2026 के कॉलम संख्या 13 पर वर्णित **जैविक खेती करने वाले सीधी खरीद के अनुज्ञापत्रधारी कृषक उत्पादक संगठन क० के स्थान पर जैविक खेती उत्पादक कृषक** पढा जावे, साथ ही आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन जमा कराने की अंतिम दिनांक 18.06.2026 तक बढाई जाती है।
राज.संवाद/सी/26/4146 सचिव

**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर**
Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमांकः-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2026/70 दिनांकः-03.06.2026
**निविदा सूचना संख्या /2026-27**
वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत समिति गोविन्दगढ़ व अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों / सकर्म हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
**NIB NO-PFA2627A0113 to PFA2627A0115 and PFA2627A0117 to PFA2627A0119**
**UBN NO-PFA2627GLRC00112, PFA2627WSOB00113 to 00114 and PFA2627WSOB00116 to PFA2627WSOB00118**
विकास अधिकारी
पं.स.-गोविन्दगढ (जयपुर)

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283
फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ-9/खे. उ./2026-27/राजकाज दिनांक :- 03/06/2026
**निविदा संख्या 08/2026-27**
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खेल उपकरण (कम्पाउंड) की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर कार्यालय में दिनांक 03.06.2026 को प्रकाशित कर दिनांक 10.06.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा का सम्पूर्ण विवरण **http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in** पर देखी जा सकती है। **UBN No.: RSC2627GSOB00011**
राज.संवाद/सी/26/4143 सचिव

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2026-27/4651 दिनांक : 29.05.2026
सार्वजनिक सूचना
सूरजमल नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 37 क्षेत्रफल 175.92 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 2425 दिनांक 18.12.2012 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्री महेश चंद शर्मा पुत्र श्री रामखिलाड़ी शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी - 37, सूरजमल नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्री महेश चंद शर्मा पुत्र श्री रामखिलाड़ी शर्मा ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 06.04.2026 के द्वारा श्रीमती गिरजेश देवी पत्नी श्री हुकम सिंह एवं श्रीमती संगीता देवी पत्नी श्री हंसराज सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदिकान् श्रीमती गिरजेश देवी पत्नी श्री हुकम सिंह एवं श्रीमती संगीता देवी पत्नी श्री हंसराज सिंह जातियान जाट निवासीयान-ग्राम पथैना तहसील वैर जिला भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहती हैं।
भूखण्ड संख्या 37, सूरजमल नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 37, सूरजमल नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

## संक्षिप्त

### अवैध शराब प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

**टोंक ,** (निस.)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में दूनी थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने विशेष अभियान के तहत राजमहल कस्बे में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आरोपी बंशीलाल पुत्र सोपान मीणा उम्र 38 साल निवासी राजमहल थाना दूनी कब्जे से उसकी केबिन से 14 बोतल बीयर, 26 केन बीयर, 74 पव्वे अंग्रेजी व देशी शराब एवं 2860 रूपये बिक्री की राशि जप्त की गई। आरोपी बंशीलाल मीणा के विरूद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। अन्य टीम ने राजमहल स्थित बोटून्दा रोड से दुकान से 107 बातेल बीयर, 85 केन बीयर, 13 बातेल अंग्रेजी व देशी शराब, 78 हाफ अंग्रेजीव देशी शराब, 379 पव्वे अंग्रेजी व देशी शराब व 3510 रूपये बिक्री राशि जप्त की गई। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### पौधारोपण आज

**निवाई,** (निस.)। भाजपा डांगरथल मंडल के तत्वावधान में श्री राधा कृष्ण गौशाला डांगरथल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को लेकर शुक्रवार को पौधारोपण किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष केदार दोहण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सुबह 9 बजे वनस्थली से मनोहरपुरिया रोड पर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला में विधायक रामसहाय वर्मा व जिला महामंत्री विष्णु शर्मा के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बूथ अध्यक्ष सामूहिक पौधारोपण करेंगे।

### श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव 7 से

**निवाई,** (निस.)। शिवाजी कॉलोनी में स्थित टीलेश्वर महादेव मन्दिर में 7 जून से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु कमला जायसवाल ने बताया कि शिव महापुराण कथा सभी भक्तो के सहयोग से की जा रही है। कथा मे बालमुकुंद महाराज हाथोज धाम जयपुर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कथा को लेकर 7 जून को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। कलश यात्रा श्री राधा दामोदर मन्दिर कुण्डों से रवाना होकर टीलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहां कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

### गौशाला समिति का चुनाव 7 को

**फुलेरा।** सियाराम बाबा की बगीची स्थित श्री हरसिद्धि हनुमान गौशाला समिति के चुनाव आगामी 7 जून 2026 (रविवार) को आयोजित किए जाएंगे। वर्तमान व्यवस्थापक रुपेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला समिति के चुनाव रविवार को संपन्न होंगे। उन्होंने सदस्यों एवं गौभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव को सफल बनाने की अपील की है। समिति पदाधिकारियों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाएगी। चुनाव को लेकर समिति सदस्यों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

गौनेडा में रात्रि चौपाल आज

कोटपूतली, (निस.)। राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन के परिवादों का स्थानीय स्तर पर निवारण करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में 05 जून, शुक्रवार को कोटपूतली के ग्राम गौनेडा में अटल सेवा केन्द्र में सायं 6 बजे से जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**कोटपूतली।** सरूण्ड थाना पुलिस ने ग्राम अजीतपुरा कलां-कुजोता में विगत 01 जून को पथराव व मारपीट के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी यशपाल सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 01 जून को ग्राम अजीतपुरा कलां व कुजोता के मध्य स्थित खनन क्षेत्र नेशनल लाईम स्टोन कम्पनी के स्वीकृत खनन क्षेत्र 259/1994 में कम्पनी खनन संचालकों व ग्रामीणों के मध्य आपसी विवाद के बाद हुई मारपीट, पथराव, तोड़फोड़ व लाठी भाटा जंग का प्रकरण सामने आया था। जिसे गंभीरता से लेते हुये जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देश पर एएसपी नाजिम अली खान के निर्देषन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में एवं थानाधिकारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

# अजीतपुरा में खनन व ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों का 300 दिन से चल रहा धरना समाप्त

■ अजीतपुरा- कुजोता नेशनल लाईमस्टोन कम्पनी में खनन विवाद का मामला

■ फायरिंग की घटना को लेकर अनसुलझा रहा सवाल, पुलिस कर रही जांच

**कोटपूतली,** (निस.)। निकटवर्ती सरूण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुरा-कुजोता में नेशनल लाईमस्टोन कम्पनी के कथित खनन कार्य व ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों द्वारा विगत लगभग 300 दिनों से जारी धरना 04 दिन के हाईप्रोफाईल ड्रामे के बाद आखिरकार मंगलवार देर रात्रि धरणार्थी ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन के बीच धरना स्थल पर ही देर रात्रि हुये तीन सूत्रीय लिखित समझौते के बाद समाप्त हो गया।



**तीन सूत्रीय मांगों पर धरणार्थी ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन के बीच लिखित सहमति बनी ।**

उल्लेखनीय है कि विगत 300 दिनों से ग्रामीण लगातार आबादी क्षेत्र में संचालित खनन कार्य एवं डीप होल ब्लास्टिंग का विरोध कर रहे थे। मंगलवार रात्रि ग्रामीणों की ओर से सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर व पुलिस प्रशासन की और से एसडीएम योगेश सिंह देवल, तहसीलदार रामधन गुर्जर, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक ने लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

समझौते में बताया है कि नेशनल लाईमस्टोन कम्पनी द्वारा खान को तीन ब्लॉकों में बांटकर खनन कार्य किया जा रहा हैं। जहां एक ब्लॉक में आबादी, स्कूल, सार्वजनिक सड़क, श्मशान भूमि व जलदाय विभाग की पानी की टंकी सहित सघन आबादी होने से ब्लास्टिंग व मशीनों की आवाज के चलते आम जन जीवन पर असर पड़ रहा है। अत: उक्त ब्लॉक में तत्काल प्रभाव से खनन कार्य व ब्लास्टिंग स्थगित की जायें। इस सम्बंध में ब्लॉक ए की अनुमति बाबत खनन विभाग जांच उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही हेतु डीजीएमएस को लिखें।

खान के बी ब्लॉक में आबादी से 300 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि नहीं करते हुये इस सम्बंध में धरणार्थियों के विरूद्ध जो मुकदमे दर्ज कराये गये हैं, उनका विधि सम्मत ग्रामवासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुये निस्तारित किया जायें। इसके बाद धरणार्थियों को ज्यूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया गया। वहीं सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर समेत अन्य ग्रामीणों ने बुधवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर समझौते के बिन्दुओं की जल्द से जल्द पालना किये जाने की मांग भी की। साथ ही कहा कि अगर समझौते की शर्तो की पालना नहीं हुई तो ग्रामीण पुन: धरना देने पर मजबुर होगें। धरने के दौरान 04 दिन तक चले हाई प्रोफाईल ड्रामे का घटनाक्रम विगत 30 मई को शुरू हुआ था, जब स्थानीय प्रशासन ने धरना स्थल पर सामान को जप्त करते हुये धरना हटा दिया था। इसके बाद 31 मई को ग्रामीणों ने धरने को पुन: शुरू करने की कवायद शुरू की।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए गतिविधियों का आयोजन

**टोंक,** (निस.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरूवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों, सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में जल संरक्षण, पौधारोपण और जन जागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित इन कार्यक्रम में आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अभियान के तहत गुरुवार को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों और स्थानों पर कई महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्य किए गए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों एवं आमजन ने कलश यात्रा, पौधारोपण कर जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण की अग्रिम रूपरेखा तैयार की गई और मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत चयनित ग्राम पंचायतों के मुख्यालयों पर जल चौपाल का आयोजन हुआ।

# नगला बीजा में संभागीय आयुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनी

■ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे प्रत्येक पात्रजन तक - संभागीय आयुक्त

**भरतपुर,** (निस.)। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया द्वारा उपखंड उच्चौन की ग्राम पंचायत नगला बीजा में गुरुवार को जनसुनवाई आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन से सीधे संवाद करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



**संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने परिवादों का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण कराया।**

संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को प्राप्त सभी परिवादों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवादी को उसके प्रकरण के निस्तारण की जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए तथा आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान विरासत में नाम दर्ज कराने, जमाबंदी में शुद्धिकरण, रहनमुक्ति, पुलिया एवं सड़क निर्माण, मनरेगा श्रमिकों के भुगतान तथा डीप बोर स्थापना सहित विभिन्न विषयों से जुड़े कुल 18 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें 10 परिवाद राजस्व विभाग, 6 पंचायती राज विभाग, 1 सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा 1 जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित थे।

संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उच्चौन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान औषधि भंडारण एवं वितरण कक्ष, चिकित्सक कक्ष, प्रयोगशाला तथा वार्डों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, दवा वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

# माधोकाबास रोड के क्षतिग्रस्त को लेकर लोगों ने विरोध जताया

■ सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को मामले से अवगत कराया

**शाहपुरा।** क्षेत्र के माधोकाबास के क्षितग्रस्त रोड़ को लेकर गुरुवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने माधोकाबास से बड़ी की ढाणी व देवन से बड़ी की ढाणी तिराहे पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर करीब 1 घंटे तक विरोध जताया और सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को मामले से अवगत कराया।



**लोगों ने माधोकाबास से बड़ी की ढाणी व देवन से बड़ी की ढाणी तिराहे पर एकत्रित होकर विरोध जताया।**

नारायण बीछवाल, मुंगाराम लोमोड, लीलाराम दहिया आदि ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर माधोकाबास बड़ी की ढाणी, देवन से बड़ी की ढाणी तक डामर रोड़ बनाया गया था। लेकिन समय के साथ रोड़ क्षतिग्रस्त हो गई। वर्तमान में रोड़ में गहरे गहरे गड्ढे बने हुए है। सड़क से पूरी डामर उखड़ चुकी है। कई स्थानों पर तो सड़क के अवशेष भी नहीं बचे है। बारिश के दौरान गडढ़ों में पानी भर जाता है। जिससे वाहन चालकों के साथ आमजन को भी पैदल चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर कई बार अधिकारियों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से सड़क की हालत बदतर दिन होती जा रही है। यहां हनुमान जी का मंदिर व बड़ी की ढाणी में शंकर भगवान का मंदिर है।

लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्दी ही रोड़ नहीं बनाया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इधर नगर परिषद आयुक्त शुभम गुप्ता का कहना है कि अब उक्त एरिया जेडीए के अंतर्गत आ गया है। जेडीए ही वहां अब सड़क बनाएगा। विधायक मनीष यादव ने बताया कि बारह ढाणियों से बड़ी ढाणी तक के जल्द ही सड़क बनाई जाएगी। सजनी निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विकास मीणा ने बताया कि तकनीकी कर्म से दिक्कत आ रही थी अब जल्द ही सड़क का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर चौथमल दहिया, श्रवण झीझड, बाबूलाल दहिया, इंद्राज, मनीष, सुरेश, अमन, रजनीश तंवर आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## देवली के दूनी अस्पताल प्रशासन पर लगा युवक की मौत का आरोप

■ मृतक के परिजनों का आरोप अस्पताल में चिकित्सक नहीं मिले उपचार में देरी कारण युवक की हुई मौत

■ आक्रोषित शहरवासियों ने बाजार बंद करवाया और चिकित्सालय प्रशासन के विरुद्ध धरना दिया

**देवली ।** गुरुवार को राजकीय चिकित्सालय दूनी में बुधवार रात एक युवक को प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण 36 वर्षीय युवक अनुराग पारीक पुत्र स्वर्गीय कैलाश पारीक की मौत हो गई। इस मामले ने गुरुवार को आक्रोशित रूप ले लिया। मृतक के परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक की मौत का कारण चिकित्सालय में बनी चिकित्सकों की लापरवाही को ठहराया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में तीन डॉक्टरों की अनुपस्थिति और चिकित्सा व्यवस्था में लापरवाही के आरोप लगाते हुए दूनी कस्बे का बाजार बंद करवा दिया। ऐसे मे युवक परिजन और ग्रामीणों ने दूनी-सरोली मार्ग पर टायर जलाकर जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि अस्पताल में तीन डॉक्टर कार्यरत हैं। लेकिन बुधवार रात को कोई भी चिकित्सक ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। वहीं नगरफोर्ट से प्रतिनियुक्ति पर तैनात डॉक्टर के भी अस्पताल में नहीं मिलने के कारण परिजनों को अनुराग को टोंक ले जाना पड़ा, इस दौरान रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। देवली एसडीओ रुबी अंसार, सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र चौधरी, बीसीएमओ डॉ. मनीष यादव, पुलिस उपाधीक्षक हेमराज चौधरी, तहसीलदार विनोद शर्मा और दूनी थानाधिकारी रतनसिंह तंवर सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। यहां करीब 5 घंटे तक चले इस विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी। इस बीच सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने हाथ जोड़कर ग्रामीणों को समझाया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण नहीं माने।

बाद में सीएमएचओ ने प्रभारी डॉ. सतीश जोरहवाल, जितेश शिवनानी और नगरफोर्ट से प्रतिनियुक्ति पर तैनात सचिन के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने आश्वासन दिया। वहीं अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का भरोसा दिलाया।

# फुलेरा में बढ़ती महंगाई, पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

■ पेपर लीक जैसी घटनाओं के विरोध में केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

**फुलेरा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात पश्चिम के अध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी सांभर के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट, बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा पेपर लीक जैसी घटनाओं के विरोध में केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।



**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा आमजन की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि सांभर क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है तथा युवाओं और विद्यार्थियों का भविष्य लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हो रहा है।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी सांभर के अध्यक्ष कमल शुक्ला, फुलेरा नगर अध्यक्ष अमरचंद सैनी, संगठन महामंत्री अरविन्द मेहरड़ा एवं शैलेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सी.पी. व्यास, कन्हैयालाल सकरवाल, नवल सोनी, प्रधान सहदेव गुर्जर, सरपंच बाबूलाल चौधरी, सरपंच गिरधारी कुलहरी, जिला परिषद सदस्य महेंद्र नील, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नानूराम कुमावत, दयानंद चौधरी, भंवरलाल निठारवाल, मंडल अध्यक्ष गोपाल जाट, नाथूलाल गट्टानी, सिराजुद्दीन मंसूरी, अब्दुल हमीद, राजेश कचावटिया, चंद्र प्रकाश सैनी, बाबू खान, सोमेश अजमेरा, रंजीत सारसर, मुबारक बेग, मोहनलाल वर्मा, टीकम कुमावत, अभिलाष तंबोली, मूलचंद सूत्रकार, दानमल जेवलिया, पुरुषोत्तम बासीवाल, अरुण व्यास, दाऊद चौधरी, इरफान कुरैशी, रामेश्वर लाल चौधरी, कुंभाराम सिंगला, इमरान खान, जावेद खान, रवि चौहान, कैलाश चंद सैनी, विष्णुदत्त, हिमांशु, नवाब खान, प्रेमचंद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पांचूलाल बरवड़, मुकेश वर्मा, मंगलचंद, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कल्याणपुरा पुलिया के पास बाईकों में भिड़ंत

**कोटपूतली,** (निस.)। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कल्याणपुरा पुलिया के समीप दो बाईकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाईकों का संतुलन बिगड़ गया, जिससे उन पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जिला अस्पताल के ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि दुर्घटना में साहिब सिंह (24) पुत्र कृष्ण निवासी ग्राम भालोजी, महेंद्र (22) पुत्र शिम्भूदयाल, परमानंद (56) पुत्र भैंरूराम मौर्य व संजू (38) पुत्र षिम्भूदयाल तीनों निवासी ग्राम जोधपुरा घायल हो गये। जिनमें से साहिब सिंह की स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल्याणपुरा पुलिया के पास दोनों मोटरसाईकिलें आमने-सामने आ गई। अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण दोनों में सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही बाईक सवार सड़क पर दूर जा गिरे।

## सार-समाचार

### मकान सूचीकरण के कार्य का निरीक्षण



**निवाई,** (निस.)। जनगणना 2027 के तहत किए जा रहे मकान सूचीकरण के कार्य का जनगणना निदेशक विष्णु चरण मलिक ने निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनगणना निदेशक मलिक ने ग्राम पंचायत गुंसी में जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य का सत्यापन किया। उन्होंने जनगणना कार्य का भौतिक सत्यापन एवं जनगणना एप पर लाइव डेटा भरवाकर जांच की। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि निर्धारित प्रश्नों के अनुसार ही जानकारी दर्ज करें, ताकि बाद में कोई गलती न हो। उन्होंने डेटा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। निदेशक ने अधिकारियों एवं प्रगणकों का मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास व भविष्य की योजनाओं की सटीक रुपरेखा तय करने के लिए जनगणना का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक सांख्यिकी विभाग राजेन्द्रसिंह शेखावत, उपखंड अधिकारी अजीतसिंह राठौड़, तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी नरेशकुमार गुर्जर, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजेन्द्र सैनी, जिला समन्वयक आयुषी शर्मा व अमित शर्मा सहित संबंधित प्रगणक एवं सुपरवाइजर मौजूद थे।

### वंदे जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**कोटपूतली,** (निस.)। यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी व स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वाधान में वंदे जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगाने के लिये कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के जरिये पानी बचाने का संदेश दिया। युवाओं ने जल संकट के समाधान और पर्यावरण संतुलन पर विचार साझा किये। कैनवास पर पानी की हर बूंद को सहेजने की महत्ता को उकेरा गया। विद्यार्थियों ने आमजन व कॉलेज परिसर को जागरूक करने के लिये जागरूकता दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही जल संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिये स्वयंसेवक जसवंत, अजय राज व कैडेट शर्मिला ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस दौरान पानी की बर्बादी को रोकने और पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजने पर आधारित प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने जल संचयन एवं उसके विवेकपूर्ण उपयोग की सामूहिक शपथ दिलाई। जिसके बाद सभी ने एकजुट होकर महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई की और श्रमदान कर पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्रायें व स्टॉफ मौजूद रहा।

### जमीनी विवाद के चलते बीजेपी कार्यकर्ता पर हमला

**टोंक,** (निस.)। सदर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम को जमीनी विवाद के चलते बीजेपी कार्यकर्ता पर दूसरे पक्ष के युवको ने हमला कर दिया तथा बाद मे मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस मने घायल को सआदत अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया है। सूचना मिलने क बाद बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान समेत कई कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेकर पुलिस अधिकारियों से प्रकरण में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। टोंक सदर थाना प्रभारी केसर लाल ने बताया कि शहर के बंबोर रोड के पास रह रहे विजय सिंह का सफीक व अन्य से जमीन विवाद चल रहा था, जिसके चलते बुधवार को जमीन का सीमाज्ञान हो रहा था। इस दौरान सूचना मिली कि देर शाम को दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया और सफीक और पांच छह अन्य लोगों ने विजय सिंह राजावत व उनके भतीजे राजन उम्र 25 साल पर हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया, जिनको खून से लथपथ करके आरोपी मौके से फरार हो गये। बाद में जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि बीजेपी कार्यकर्ता विजय सिंह का भूमि विवाद चल रहा था, जिसके चलते दूसरे पक्ष के लोगों ने बीजेपी कार्यकर्ता विजय सिंह पर हथियारों से हमला कर दिया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों को उक्त प्रकरण में लिप्त आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### जोधपुरा को नए 33/11 केवी जीएसएस की प्रशासनिक स्वीकृति मिली

**पावटा,** (निस.)। जोधपुरा क्षेत्र के लिए राहत और विकास की बड़ी खबर सामने आई है। क्षेत्र में विधायक कुलदीप धनकड की अनुसंशा पर नए 33/11 केवी विद्युत ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन से जोधपुरा एवं आसपास के गांवों की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। क्षेत्रवासियों का लंबे समय से नए विद्युत उपकेंद्र की मांग थी। स्वीकृति मिलने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। नए जीएसएस के स्थापित होने से बिजली की लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग तथा बढ़ते विद्युत भार जैसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही कृषि, घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधायक कुलदीप धनकड सहित ऊर्जा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकार की इस पहल से ग्रामीण अंचल में आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी। नए 33/11 केवी जीएसएस की स्थापना को जोधपुरा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ''विकास की ओर एक और मजबूत कदम'' के रूप में देखी जा रही इस सौगात से क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर सुविधाएं मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### बिजली लाइन पर काम करते युवक गंभीर रूप से झुलसा

**टोंक,** (निसं)। देवली क्षेत्र के रघुनाथपुरा गांव में दो जून को बिजली लाइन पर काम करते समय एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली निगम के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों और परिजनों ने गांवड़ी जीएसएस पर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर डिस्कॉम के अभियंता और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। घायल धनराज बैरवा का जयपुर के एसएसएम अस्पताल में उपचार चल रहा है ग्रामीणों ने अधिकारियों को एक लिखित ज्ञापन सौंपा, जिसमें घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बिजली लाइन पर काम के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिसके कारण धनराज बैरवा हादसे का शिकार हो गए। ग्रामीणों ने संबंधित लाइनमैन को तुरंत निलंबित करने और मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए 50 लाख रुपए का मुआवजा, पीड़ित को संविदा पर नौकरी और परिवार को अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है।

